अध्याय – 1 | जीव जगत

QUIZ PART-01

1. **'बायोलॉजी' शब्द किन ग्रीक शब्दों से बना है?**
   A. एनिमल और प्लांटा
   B. बायोस और लोग्ोस
   C. लिविंग और स्टडी
   D. लाइफ और नॉलेज (B)

व्याख्या : 'बायोलॉजी' शब्द ग्रीक शब्दों 'बायोस' (जीवन) और 'लोग्ोस' (अध्ययन करना) से बना है।

2. **जीव विज्ञान के जनक कौन माने जाते हैं?**
   A. डार्विन
   B. अरस्तु
   C. लीवनयस
   D. लमार्क (B)

व्याख्या : अरस्तु को जीव विज्ञान का जनक कहा जाता है क्योंकि उन्होंने सजीवों के अध्ययन की नींव रखी।

3. **पृथ्वी पर जीव-जंतुओं की असंख्य उपस्थिति को क्या कहा जाता है?**
   A. पारिस्थितिकी B. जैव विविधता
   C. वर्गिकी D. प्रणालीकी (B)

व्याख्या : पृथ्वी पर जीव-जंतुओं की असंख्य उपस्थिति को जैव विविधता कहा जाता है।

4. **वर्गिकी (Taxonomy) का जनक कौन है?**
   A. लमार्क
   B. अरस्तु
   C. कैरोलस लीवनयस
   D. जॉन रे (C)

व्याख्या : वर्गिकी के जनक कैरोलस लीवनयस हैं, जिन्होंने जीवों के नामकरण और वर्गीकरण का वैज्ञानिक तरीका प्रस्तुत किया।

5. **वद्विपद नामकरण पद्धति (Binomial Nomenclature) का श्रेय किसे जाता है?**
   A. अरस्तु
   B. लमार्क
   C. कैरोलस लीवनयस
   D. डार्विन (C)

व्याख्या : वद्विपद नामकरण पद्धति का श्रेय कैरोलस लीवनयस को जाता है, जिन्होंने अपनी पुस्तक स्पीशीज प्लांटेरम में इसका प्रयोग किया।

6. **"मैंगीफेरा इंडिका" में 'मैंगीफेरा' किसका नाम है?**
   A. प्रजाति का नाम
   B. वंश का नाम
   C. वर्ग का नाम
   D. परिवार का नाम (B)

व्याख्या : 'मैंगीफेरा' वंश (Genus) का नाम है जबकि 'इंडिका' जाति (Species) का नाम है।

7. **जैविक नामों को लिखने का सही नियम क्या है?**
   A. दोनों शब्द बड़े अक्षरों में
   B. दोनों शब्द छोटे अक्षरों में
   C. वंश नाम बड़े अक्षर में और जाति नाम छोटे अक्षर में
   D. दोनों शब्द हिंदी में लिखे जाएँ (C)

व्याख्या : जैविक नामों में वंश नाम का पहला अक्षर बड़ा और जाति संकेत पद छोटे अक्षर में लिखा जाता है।

8. **जीवों को उनकी समानताओं और भिन्नताओं के आधार पर समूहबद्ध करने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?**
   A. नामकरण
   B. वर्गिकी
   C. वर्गीकरण
   D. प्रणालीकी (C)

व्याख्या : समानताओं और भिन्नताओं के आधार पर जीवों को समूहबद्ध करने की प्रक्रिया वर्गीकरण कहलाती है।

9. **जैव वर्गीकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. जीवों की उत्पत्ति ज्ञात करना
   B. जीवों का नामकरण और पहचान करना
   C. जीवों को विलुप्त करना
   D. पर्यावरण का अध्ययन करना (B)

व्याख्या : जैव वर्गीकरण का उद्देश्य जीवों को व्यवस्थित करके उनका नामकरण, पहचान और अध्ययन करना है।

10. **"Systematics" शब्द का मूल किस भाषा से है?**
    A. संस्कृत
    B. लैटिन
    C. ग्रीक
    D. फ्रेंच (B)

व्याख्या : "Systematics" शब्द लैटिन शब्द 'सिस्टेमा' से बना है, जिसका अर्थ है जीवों की व्यवस्थित व्यवस्था।